

# लोकतांत्रिक परम्पराओं को जानने के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक : प्रतिमा

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम






नवभारत न्यूज

**सतना, 28 फरवरी. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना के बी ब्लॉक सभागार में शनिवार को विकसित भारत युवा संसद 2026 का जिला स्तरीय आयोजन संपन्न हुआ।**

यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास श्रीमती प्रतिमा बागरी रहीं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एस. सी. राय, पूर्व प्राचार्य डॉ. शिवेश प्रताप सिंह, जिला नोडल अधिकारी डॉ. क्रांति मिश्रा, कार्यक्रम आयोजक डॉ. मनीष प्रताप सिंह सहित निर्णायक मंडल के सदस्य वाचस्पति त्रिपाठी, आकाश शर्मा, रितु शर्मा एवं अर्चना कुशवाहा उपस्थित रहे। ऑनलाइन 'माय भारत' पोर्टल पर पंजीकृत प्रतिभागियों ने आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में कुल 60 प्रतिभागियों ने सहभागिता कर लोकतंत्र, संविधान और युवा सहभागिता पर तथ्यपूर्ण एवं प्रभावशाली वक्तव्य दिए। विजेता प्रतिभागी में प्रथम स्थान शिवानी पाण्डेय पीजी कॉलेज सतना, द्वितीय स्थान अनुपमा पटनहा एकेएस विश्वविद्यालय, तृतीय स्थान आदित्य शर्मा, चतुर्थ स्थान निष्कर्ष तिवारी तथा पंचम स्थान निधि त्रिपाठी रही। मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को सोच विकसित करने लोकतांत्रिक परंपराओं को समझने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सच्ची शक्ति है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य ने प्रतिभागियों के प्रभावशाली एवं तथ्यपूर्ण वक्तव्यों की सराहना की और कहा कि युवा संसद का उद्देश्य युवाओं को लोकतंत्र की गहराई समझाने एवं अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करना है। जिला नोडल अधिकारी डॉ. क्रांति मिश्रा ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि आयोजक डॉ. मनीष प्रताप सिंह ने संचालन करते हुए युवाओं को लोकतंत्र की मजबूती का आधार बताया।

### विजेताओं को दिए गए स्मृति चिन्ह

कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं पुष्पमाला प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा अतिथियों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. गरिमा सिंह, अनीश तिवारी, डॉ. हरेश्वर राय, डॉ. नागेश अग्रवाल, डॉ. रूपा सिंह, डॉ. रविता सिंह सहित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# डोमिनोज पिज्जा रेस्टोरेंट पर आठ लाख का जुर्माना

## जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग का फैसला

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 फरवरी. शाकाहारी परिवार को मांसाहारी उत्पाद डिलीवर करने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने डेमिनोज पिज्जा रेस्टोरेंट पर आठ लाख का जुर्माना लगाया है। आयोग अध्यक्ष श्यामा चरण उपाध्यायए सदस्य उमेश गिरीए विद्या पांडेय की बैंच ने यह फैसला सुनाया।**

इस संबंध में आवेदक नैंसी तिवारी पत्नी सूरज तिवारी और सूरज पिता देवी प्रसाद तिवारी निवासी महादेवाए श्रीधाम आश्रमए शेरगंज सतना ने शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदक ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्होंने दीपावली के पवित्र एवं धार्मिक उत्सव के दिन 31 अक्टूबर 2024 को अपने और अपने परिवार के लिए डोमिनोज पिज्जा रेस्टोरेंट मूल कंपनी जुबिलेंट फूड वर्क्स लिमिटेड पारिजात कॉम्प्लेक्स पन्ना नाका रीवा रोड से शाकाहारी खाद्य पदार्थ क्रय किया था। जिसके लिए उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से 595 रुपए अदा किए। इसके बाद 4 अलग अलग बॉक्स में उनके पते पर खाद्य सामग्री डिलीवर की गई। कोरियन पनीर टिक्काए गार्लिक ब्रेड का सेवन करने पर शंका हुई कि उसमें मांस है।

आवेदक ने स्थानीय डोमिनोज कार्यालय में संपर्क किया तो वहां से बताया कि आपको जो कोरियन पनीर टिक्काए गार्लिक ब्रेड दी गई है वह मांसाहारी है। जबकि आवेदक ने शाकाहारी ऑर्डर किया था। इस प्रकरण में आवेदक ने अपने अधिवक्ता करूणेश अरोरा के माध्यम से परिवाद दायर किया और अनावेदक पक्ष से सेवा में कमीं एवं घोर लापरवाही के लिए 21 लाख रुपए अनुचित व्यापार प्रथा के लिए 5 लाख रुपए तथा अनावेदक को भुगतान की गई राशि 595 रुपए दिलाए जाने की मांग किया।

### फोरम ने दिया क्षतिपूर्ति भुगतान के आदेश

प्रकरण की सुनवाई के बाद आयोग ने आदेश दिया कि अनावेदक सेवा में कमी एवं अनुचित व्यापार पद्धति के लिए नैंसी तिवारी और उनके पति सूरज तिवारी को 8 लाख रुपए क्षतपूर्ति राशि आदेश दिनांक से अदायगी दिनांक तक 9 प्रतिशक वार्षिक ब्याज सहित अदा करे। इसके साथ ही आवेदक को अनावेदक वाद व्यय के लिए 10 हजार रुपए अलग से प्रदान करे।



# चित्रकूट पुलिस ने मवेशियों से भरे दो वाहन पकड़े

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 फरवरी. थाना चित्रकूट पुलिस ने मवेशियों का अवैध परिवहन कर रहे एक कंटेनर और एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। इन वाहनों से 71 मवेशी मुक्त कराते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाही की गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक जीएस वाजपेयी की टीम ने यह कार्रवाही की है।**

पुलिस के अनुसारए 28 फरवरी को खबर मिली कि सफेद रंग के पिकअप वाहन एमपी 19 जेडएम 6583 में मवेशी लेकर बगदरा घाटी रोड होते हुए फतेहपुर उत्तरप्रदेश तरफ ले जा रहे हैं। सूचना पर रजौला स्थित मां कृपा होटल के सामने वाहन को रोका गया। इस वाहन में 13 मवेशी मिले। इसी वाहन में सवार इबरान खानए मुर्शीद खानए सबरे खानए मोहम्मद गुलाम जिलानी खान सभी निवासी ग्राम मरवा थाना जैतवारा को पकड़ा गया। इसी तरह दूसरी सूचना मिली कि कंटेनर एमएच 04 जीसी 5024 में मवेशी बगदरा घाटी होते हुए आ रहे हैं। इस वाहन को मोहकमगढ़ पुलिया के आगे रोका गया। कंटेनर में 58 मवेशी मिले। मवेशी मुक्त कराते हुए इसमें सवार मोहम्मद आशिफ खान निवासी ग्राम भोगनीपुर जिला कानपुर देहात उत्तरप्रदेशए सफरूद्दीन निवासी हनुमानताल जबलपुरए सलमान कुरैशी निवासी बोराबाग जबलपुरए समीर खान निवासी बोराबाग को गिरफ्तार किया गया।

### पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई

दोनों प्रकरणों में आरोपियों के विरुद्ध धारा 11;घद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियमए 4द्ध6 मप्र कृषक पशु परिक्षण अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत पंजीबद्ध किये गया। कार्रवाही में प्रधान आरक्षक अंकित सिंह बघेलए आरक्षक अनुज सिंहए आरक्षक चालक मानवेन्द्र सिंहए आरक्षक कमल गुर्जरए निखिल यादवए रामबगस नेताम की अहम भूमिका रही।

# रेवांचल एक्सप्रेस के एसी कोच से लैपटॉप बैग चोरी

▸ कॉलेज की छात्रा के साथ हुई वारदात



नवभारत न्यूज.

**सतना, 28 फरवरी. रानी कमलापति स्टेशन से सतना की यात्रा कर रही एक छात्रा का कीमती सामान रेवांचल एक्सप्रेस के एसी कोच से चोरी हो गया।**

घटना की सूचना जीआरपी चौकी सतना में पंजीबद्ध की गई है। अनुमान है कि चोरी की यह घटना सतना से तकरीबन 60 किलोमीटर पहले अमदरा रेलवे स्टेशन या इसके आसपास हुई है। पुलिस अज्ञात चोर का पता लगाने का प्रयास कर रही है लेकिन इस घटना के बाद एक बार फिर मुसाफिरों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा हो गया है। प्रश्न है कि जब रेलवे के यात्री एसी कोच में सुरक्षित नहीं हैं तो रेलवे अपने मुसाफिरों को आखिर किस किस्म की सुरक्षा मुहैया करा रहा है।सतना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत वीनस स्वीट्स के नजदीक बिहारी चौक में रहने वाले राजेश बड़ेरिया की पुत्री कुमारी प्रगति कॉलेज की छात्रा हैं। 27 फरवरी शुक्रवार की रात इन्होंने गाड़ी संख्या 12185 रेवांचल एक्सप्रेस से रानी कमलापति स्टेशन से सतना के लिए यात्रा आरंभ की थी। एसी कोच बी 4 की बर्थ संख्या 8 में प्रगति यात्रा कर रहीं थीं। काले रंग का लैपटॉप बैग इन्होंने अपने सिरहाने पर रखा था। 28 फरवरी शनिवार की सुबह तकरीबन 5.30 बजे जब नींद खुली तब बैग गायब था। रेवांचल एक्सप्रेस के सतना रेलवे स्टेशन पहुंचने पर प्रगति बड़ेरिया द्वारा सुबह करीब 8.30 बजे राजकीय रेल पुलिस चौकी को घटना की सूचना दी गई। जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 सी के तहत अपराध क्रमांक 40 पंजीबद्ध किया है। प्रगति ने बताया है कि जो बैग चोरी हुआ है उसमें आसुस वीबो बुक 15 ब्रांड मॉडल का लगभग 50 हजार रुपए कीमत का लैपटॉप लैपटॉप का चार्जर मोबाइल फ ोन का चार्जर ईयर बग आधार कार्ड कॉलेज आईडी ड्राइविंग लाइसेंस एटीएम कार्ड और 3 हजार रुपए थे।

# चन्द्रग्रहण के चलते तीन को बंद रहेगा मां शारदा का पट



नवभारत न्यूज

**सतना, 28 फरवरी. मां शारदा पीठ के प्रधान पुजारी श्री श्री पवन महाराज ने बताया कि मैहर स्थित माँ शारदा मंदिर के पट चन्द्रग्रहण के कारण 3 मार्च को बंद रहेंगे.**

उन्होंने समस्त दर्शनार्थियों को सूचित किया है कि मंदिर परम्परा अनुसार 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के अवसर पर सायं 5. 00 बजे माता शारदा की आरती पूजन संपन्न होने के पश्चात मंदिर के गर्भगृह के पट सायं 5. 30 बजे बंद कर दिए जाएंगे।' उन्होंने बताया कि 04 मार्च को माता का अभिषेक एवं पूजा.अर्चना संपन्न होने के पश्चात दर्शनार्थियों के लिए मंदिर के गर्भगृह के पट पुन: खोले जाएंगे।

# उत्कृष्ट विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर तीन दिनी महोत्सव का समापन



नवभारत न्यूज

**सतना, 28 फरवरी. शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेंकट क्रमांक 1 में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित त्रिदिवसीय विज्ञान महोत्सव का शनिवार को भव्य समापन मल्टीपरपज हॉल में हुआ।**

26, 27 एवं 28 फरवरी 2026 तक चले इस महोत्सव में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन और सृजनात्मक ऊर्जा के साथ सहभागिता करते हुए अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा, तार्किक दृष्टि और नवाचार क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र तथा विजेताओं को मेडल प्रदान किए गए। तीन दिनों तक विद्यालय परिसर में विज्ञान निबंध, विज्ञान मॉडल, विज्ञान रंगोली, विज्ञान पोस्टर निर्माण, विज्ञान दौड़ (ज्ञान मैराथन) तथा विशेषज्ञ व्याख्यान जैसे विविध आयोजन हुए। विज्ञान निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन, हरित ऊर्जा, जैव प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष अनुसंधान एवं सतत विकास जैसे समसामयिक विषयों पर अपने विचार तार्किक और विश्लेषणात्मक शैली में प्रस्तुत किए।

विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें सौर ऊर्जा आधारित स्मार्ट होम, वर्षा जल संचयन प्रणाली, कम लागत जल शुद्धिकरण संयंत्र, पवन ऊर्जा उत्पादन मॉडल, अपशिष्ट प्रबंधन तंत्र, स्वचालित सिंचाई प्रणाली तथा विद्युत वाहन के कार्य सिद्धांत जैसे कार्यशील मॉडलों ने दर्शकों को प्रभावित किया।

### रंगोली में उकेरा विज्ञान

विज्ञान रंगोली प्रतियोगिता में 卐विज्ञान से विकसित भारत卐, डीएनए संरचना, सौर मंडल, पर्यावरण संरक्षण तथा अंधविश्वास पर विज्ञान की विजय जैसे विषयों को रंगों और प्रतीकों के माध्यम से सृजनात्मक ढंग से उकेरा गया। उल्लेखनीय रहा कि 1987 से 2026 तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की प्रत्येक वर्ष की थीम पर आधारित लगभग 40 वर्षों के विस्तृत पोस्टरों का प्रदर्शन किया गया। वहीं卐विज्ञान दौड़ (ज्ञान मैराथन)卐 ने विद्यार्थियों में विशेष उत्साह उत्पन्न किया।

## एक नजर में



### अग्रवाल परिवार ने धूमधाम से किया कृष्ण रुक्मणी विवाह

**सतना.** अग्रवाल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन गौशाला चौक चौक होटल ओमकार में आयोजित किया गया है जिसमें कथा व्यास श्री श्री श्री 1008 स्वामी बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज जी के सानिध्य में कथा की अमृत वर्षा की गई जिसमें भारी संख्या में महिलाएं पुरुष एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम के आयोजक विष्णु अग्रवाल गोलू आशीष अग्रवाल गौ सेवा ने जानकारी देते हुए बताया कि कृष्ण रुक्मणी विवाह के अवसर पर सपना के लोकप्रिय विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा अग्रवाल सेवा संघ के पुरुषोत्तम अग्रवाल मनीष अग्रवाल रामचरण गुप्ता अशोक खानेचा रामभान सिंह विश्वनाथ अग्रवाल नंदकिशोर अग्रवाल संजीव अग्रवाल दीपक अग्रवाल विनोद अग्रवाल तरुण अग्रवाल आदि उपस्थित रहे.

### महापौर ने दी श्रद्धांजलि



**सतना.** महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट (जानकी कुंड नेत्र चिकित्सालय) पहुंचकर पद्मश्री से अलंकृत श्रद्धेय डॉ. बी.के. जैन जी के अंतिम दर्शन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



### होली मिलन समारोह आयोजित

**सतना।** लीनेस विंध्य क्लब सतना द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह बड़े ही उत्साह, प्रेम और रंगों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। समारोह की अध्यक्षता क्लब की अध्यक्षा श्रीमती सुषमा गुप्ता जी ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का प्रतीक है तथा ऐसे आयोजन सदस्यों के बीच आत्मीयता को और सुदृढ़ बनाते हैं। क्लब की सचिव श्रीमती काजल श्रीवास्तव जी ने सभी का स्वागत गुलाल लगाकर किया ।कार्यक्रम के दौरान रंगारंग प्रस्तुतियाँ, मनोरंजक खेल और पारंपरिक व्यंजन आकर्षण का केंद्र रहे। सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ देते हुए समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित रही मनीषा , वंदना , मानसी , विनीता , काम्या , मोनिका , दिव्या , रेनू , विनय , सुनीता , डॅली, शोभा , नूपुर आदि उपस्थित रहीं।

# पति के हमले से पत्नी घायल, आरोपी गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**सतना, 28 फरवरी. थाना बरौधा पुलिस ने घरेलू उत्पीड़न के एक मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार किया है, जिसने अपनी पत्नी को बेरहमी से पीटा था। घटना आदिवासी ग्राम डंड़ियन की है, जहां मिही लाल मवाशी ने अपनी पत्नी पूजा मवाशी को शक के आधार पर डंडे से पीटा था।**

पूजा के माता-पिता ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और घायल पूजा को इलाज के लिए मझगवॉ अस्पताल लेकर पहुंचे है। पूजा के कमर और कूल्हों में चोटें आई हैं, लेकिन वह खतरे से बाहर है। पुलिस ने आरोपी मिही लाल के खिलाफ बीएनएस 296 (B) 115(2) 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है। पूजा के माता-पिता ने बताया कि मिही लाल ने अपनी पत्नी को अवैध संबंधों के शक में पीटा है।

### दिनेश उर्फ लाला कलवानी का जिला बदर

**सतना, 28 फरवरी.** कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट डॉ सतीश कुमार एस ने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न अपराधिक गतिविधियों में संलग्न दिनेश उर्फ लाला कलवानी पिता किशनचंद्र कलवानी उम्र 46 वर्ष निवासी प्रेम विहार कालोनी पर मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक वर्ष की अवधि पर जिला बदर किए जाने का आदेश जारी किया है।

### सतना जॉइंट्स ग्रुप ऑफ स्मार्ट सिटी का शपथ ग्रहण समारोह आज

**सतना, 28 फरवरी.** सतना जॉइंट्स ग्रुप ऑफ स्मार्ट सिटी सतना का शपथ ग्रहण समारोह 01 मार्च दिन रविवार को अमृत वाटिका, आयुष्मान हॉस्पिटल रोड में शाम 4 बजे आयोजित किया जा गया है। इस गरिमामय अवसर पर मध्य प्रदेश शासन की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सतना महापौर योगेश ताम्रकार, एस पी चतुर्वेदी, दीपिका शर्मा एवं बसंत शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

# चित्रकूट के मंदिर चोरों के निशाने पर, मुकुट और आभूषण चोरी

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 फरवरी. चित्रकूट में चोरों के हौसले बुलंद है, मंदिरों में भगवान भगवान और उनके आभूषण तक सुरक्षित नहीं.**

धर्मनगरी में सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर का ताला तोड़कर हनुमान जी का मुकुट कुंडल उतार ले गए चोर,देर रात चोरी की घटना को दिया अंजाम, मंदिर के मेन गेट व हनुमान जी के गर्भग्रह के चैनल का ताला तोड़ा फिर चोरों ने दिया घटना को अंजाम, मध्य प्रदेश क्षेत्र में चित्रकूट थाना क्षेत्र के सबसे भीड़ भाड़ वाले इलाके पुरानी लंका तिराहा के दक्षिण मुखी



मनोकामना हनुमान मंदिर में चोरों ने दिया है घटना को अंजाम, स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई सूचना इसी तरह देर रात रामघाट में स्थित एक और मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया है, महाराजाधिराज मतगजेंद्र नाथ मंदिर प्रांगण में बने गंगा जी के मंदिर का ताला तोड़ा गया है, मुकुट चोर पार कर ले गए हैं चित्रकूट में चोर मंदिरों को निशाना बना रहे हैं इसके पहले चोर भरतकूप से भरत जी के मंदिर से भरत जी के आभूषण उतार ले गए थे ,आज चित्रकूट में एक साथ दो मंदिरों को निशाना बनाया गया है. मध्य प्रदेश क्षेत्र के मनोकामना हनुमान मंदिर और उत्तर प्रदेश क्षेत्र के कर्बी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रामघाट स्थित मतगजेंद्र नाथ शिव मंदिर के गंगा जी मंदिर की सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची है।

# एकेएस में राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस पर हुए कार्यक्रम



नवभारत न्यूज

**सतना, 28 फरवरी। राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस आज ए के एस विश्वविद्यालय में गंभीरता और अकादमिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के आह्वान पर आयोजित किया गया।**

विवेकानंद सभागार में औषधि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के निदेशक डॉ. सूर्य प्रकाश गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि फार्मेसी शिक्षा अब केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा की केंद्रीय शक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुसंधान, नई औषधि विकास, गुणवत्ता नियंत्रण और डिजिटल तकनीक के प्रभावी उपयोग में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।इस वर्ष का विषय नवाचार और फार्मेसी का भविष्य रहा। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि आधुनिक फार्मासिस्ट की भूमिका दवा वितरण से आगे बढ़कर रोगी परामर्श, नैदानिक अनुसंधान और डिजिटल स्वास्थ्य प्रबंधन तक विस्तृत हो चुकी है।कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित फार्मा रंगोली और फार्मा पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने व्यापक भागीदारी की। प्रस्तुतियों में सुरक्षित दवा उपयोग, स्वास्थ्य जागरूकता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शोध और समाज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं के विषय प्रमुख रहे।


**रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर ( सेण्ट्रल ) रूल्स 1956 के अंतर्गत 'नवभारत' पत्र के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी**

**घोषणा**

( फार्म-4 )

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन स्थल | : | नवभारत भवन, इंडस्ट्रियल एरिया रीवा रोड, गहरा नाला, सतना |
| 2. | प्रकाशन रूप | : | दैनिक |
| 3. | मुद्रक | : | आशीष श्रोती |
| | नागरिकता | : | भारतीय |
| | निवास स्थान | : | नवभारत भवन, इंडस्ट्रियल एरिया रीवा रोड, गहरा नाला, सतना |
| 4. | प्रकाशक | : | आशीष श्रोती |
| | नागरिकता | : | भारतीय |
| | निवास स्थान | : | नवभारत भवन, इंडस्ट्रियल एरिया रीवा रोड, गहरा नाला, सतना |
| 5. | संपादक | : | संजय पयासी |
| | नागरिकता | : | भारतीय |
| | निवास स्थान | : | नवभारत भवन, इंडस्ट्रियल एरिया रीवा रोड, गहरा नाला, सतना |
| 6. | पत्र का स्वामित्व भागीदार | : | रामगोपाल इन्वेस्टमेंट्स प्रा.लि. |
| | भागीदार अथवा 1 प्र.श. | : | |
| | अधिक पूंजी वाले हिस्सेदार | : | ब्रज माहेश्वरी |
| | नागरिकता | : | भारतीय |
| | निवास स्थान | : | 'नवभारत' निलयम, ई-3/22, अरेरा कालोनी, भोपाल- 462 016 |

मैं आशीष श्रोती घोषित करता हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार सही है.

**आशीष श्रोती**
**प्रकाशक**

**दिनांक 1 मार्च 2026**